भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1360
उत्तर देने की तारीख : 30.07.2024

श्रेष्ठ योजना का कार्यान्वयन

1360. श्रीमती स्मिता उदय वाघ:
श्री बसवराज बोम्मई:
डॉ. जयंत कुमार राय:
श्री प्रदीप कुमार सिंह:
श्री देवेन्द्र सिंह उर्फ भोले सिंह:
श्री विजय कुमार दूबे:
श्री राजेशभाई नारणभाई चुडासमा:
श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव:
श्री खगेन मुर्मु:
श्री जनार्दन मिश्रा:
श्री विजय बघेल:

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) लक्षित क्षेत्रों में उच्च विद्यालयों में छात्रों के लिए आवासीय शिक्षा योजना (श्रेष्ठ) का मुख्य उद्देश्य क्या है; और
(ख) इस योजना का उद्देश्य लक्षित समूह, विशेष रूप से अनुसूचित जातियों के लिए शैक्षिक और सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को किस हद तक बेहतर बनाना है?

उत्तर
सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
(श्री रामदास आठवले)

(क): लक्षित क्षेत्रों में उच्च विद्यालयों में छात्रों के लिए आवासीय शिक्षा स्कीम (श्रेष्ठ) का उद्देश्य गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने वाले आवासीय उच्च विद्यालयों और संस्थानों (एनजीओ द्वारा संचालित) को अनुदान सहायता प्रदान करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों में इस सेवा की कमी को पूरा करना तथा सरकार के विकासात्मक हस्तेक्षप की पहुंच को बढ़ाना है।

(ख): इस स्कीम का उद्देश्य अनुसूचित जातियों (एससी) के शैक्षिक और सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए वातावरण तैयार करना है। इसके अलावा, यह स्कीम अनुसूचित जाति के मेधावी छात्रों को देश के सर्वश्रेष्ठ स्कूलों में अध्ययन करने के लिए मदद करती है, जिससे उनके भविष्य के अवसर सुरक्षित होते हैं।

******